आदर्श प्रश्न पत्र
विषय–हिन्दी
कक्षा – पांचवीं

समय :– 3 घण्टे अंक :– 50

**प्र01:– सही विकल्प चुने :–** **(1 X 10 = 10)**

क. गुरू और चेला कहाँ पर पहुँचे?
(i) नगरी (ii) नदी (iii) मंदिर (iv) दुकान

ख. मंत्री किसे ले कर आया?
(i) चेला (ii) कारीगर (iii) संतरी (iv) गुरू

ग. दादी कोठरी में अपने सामान के साथ रहती थी, वह किसकी दादी थी?
(i) राजम (ii) कारीगर (iii) मणि (iv) उपर्युक्त सभी

घ. छोटे होने पर किसने शेर को मारा था?
(i) दादा (ii) दादी (iii) मणि (iv) राजम

ड. बाघ के कितने बच्चे हैं?
(i) दो (ii) तीन (iii) चार (iv) पाँच

च. आँख लगना का और क्या अर्थ हो सकता है?
(i) सोना (ii) जागना (iii) रोना (iv) थकना

छ. पहाड़ो के पीछे से कौन झाँक रहा था?
(i) सूरज (ii) चाँद (iii) बिशन (iv) बहु जी

ज. धूप से खेत कैसे लग रहे थे?
(i) सुनहरे (ii) पीले (iii) हरे (iv) लाल

झ. घरों में लोग नलों के पाइप पर क्या लगवा लेते हैं?
(i) मोटर (ii) मशीन (iii) फिल्टर (iv) उपर्युक्त सभी

ञ. हम पैसों को खुश हो कर किसमें डाल देते हैं?
(i) डिब्बा (ii) बक्सा (iii) गुल्लक (iv) पर्स

**प्र02:– दिए गए गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़े और प्रश्नों का उत्तर दें:–** **(5)**

किसी जंगल में एक हिरनी अपने परिवार के साथ रहती थी। एक दिन वह पानी पीने के लिए नदी की ओर जा रही थी कि अचानक एक शिकारी को देखकर डर गई। शिकारी उस पर तीर चलाने ही वाला था कि वह बोली ठहर जाओ, मुझे अभी मत मारो। घर पर मेरे छोटे बच्चे हैं वे मेरा इंतजार कर रहे हैं। मैं उनसे मिलकर लौट आँऊगी।

(i) हिरनी परिवार के साथ कहाँ रहती थी?
(ii) हिरनी किसे देख कर डर गई?
(iii) शिकारी क्या करने वाला था?
(iv)घर पर मेरे छोटे........ हैं वे मेरा ........ कर रहे हैं, वाक्य पूरा करो।
(v) ''नदी'' शब्द पर वाक्य बनाओं

**प्र03:– कविता की पंक्तियाँ पूरी करो :–** **(5)**

वह देखो माँ आज ........... फिर से आया, कई तरह के ........... नए खिलौने लाया
हरा–हरा ......... पिजड़े में ......... एक पैसे वाली, छोटी सी ......... गाड़ी है। चाबी भर देने से
थक–थक करती चलने वाली ............।
छोटे–छोटे धनुष ........ हैं, छोटी–छोटी ........ नए .......... ले लो भैया, ज़ोर ज़ोर वह रहा ..........।

Downloaded from www.cclchapter.com

प्र04:— निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:— (कोई पांच) **(2 X 5 = 10)**

(क) मंत्री ने अपने बेटे को शहर क्यों भेजा था?
(ख) इला की कशीदाकारी में खास बात क्या थी?
(ग) नाम न हाने से क्या समस्याएँ आ सकती हैं?
(घ) रत्न की माँ की आँखों में किस तरह की बेबसी झलकती होगी?
(ङ) अंधेर नगरी की प्रजा राजा के मरने पर खुश क्यों हुई?
(च) दादी अपने बक्से में इलायची, लॉगं और सुपारी क्यो रखती होंगी?
(छ) बिशन घायल तीतर को क्यो बचाना चाहता था?

प्र05:— (क) वाक्य पढ़ें और रेखांकित शब्दों के लिंग बदलिए:— **(2)**

(i) लड़का पढ़ रहा है!
(ii) कक्षा में अध्यापक पढ़ा रहा है।
(iii) सभा में कवि ने कविता सुनाई।
(iv)चूहे ने धमाल मचाई।

(ख) वचन बदलिए:— थैला, किताब, नदी, पुस्तक **(2)**

(ग) रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:— **(2)**

(i) आज दिन में बहुत काम था।
(ii) मोटा आदमी फिसल कर गिर गया।
(iii) गिलास में पानी कम है।
(iv)कछुआ तेज चलता है।

(घ) निम्नलिखित शब्दो के दो पर्यायवाची लिखो (कोई दो ):— **(2)**

(i) जल (ii) सूर्य (iii) धरा (iv) पेड़

(ङ) दिए गए वाक्यों को पढ़ें और उनमें से संज्ञा शब्द व क्रिया शब्द छांटो :— **(2)**

राम तीसरी कक्षा का छात्र है। वह कक्षा में पढ़ाई कर रहा है। सोहन और साथी उछलकूद कर रहे हैं।

प्र06:— आप कौन से जिले से सम्बन्ध रखते हैं, अपने जिले के बारे में कुछ विशेष बातें लिखिए। **(3)**

प्र07:— अपने जन्मदिन की पार्टी के लिए अपने मित्र को निमन्त्रण पत्र लिखिए **(3)**

प्र08:— कहानी को अपनी समझ के आधार पर पूरा कीजिए:— **(4)**

एक बार शेर पेड़ के नीचे से रहा था। अचानक पेड़ के बिल से एक चूहा बाहर आया और शेर पर कूद गया। शेर ने उसे कसकर पकड़ लिया, लेकिन कुछ सोचकर अपनी कैद से मुक्त दिया। चूहे ने शेर को धन्यवाद देते हुए कहा कि एक दिन वह शेर की मदद करेगा।........................... कहानी पूरी करें।

Downloaded from www.cclchapter.com

**Blue Print**
**$5^{th}$ Class**
**Hindi**

| Knowledge based 20% | | | Understanding based 44% | | | Application/Skill 36% | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **10 Marks** | | | **22 Marks** | | | **18 Marks** | | |
| VSA | SA | LA | VSA | SA | LA | VSA | SA | LA |
| 10(1) | - | - | 10(0.5) | 5(2) | 4(1)<br>3(1) | 5(1) | 5(2) | 3(1) |
| 10 Marks | - | - | 5 Marks | 10 Marks | 7 Marks | 5 Marks | 10 Marks | 3 Marks |

## अंक विभाजन

प्र01:— सही विकल्प चुने :— **(1 X 10 = 10)**

प्र02:— दिए गए गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़े और प्रश्नों का उत्तर दें:— **(5)**

प्र03:— कविता की पंक्तियाँ पूरी करो :— **(5)**

प्र04:— निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:— (कोई पांच) **(2 X 5 = 10)**

प्र05:— (क) वाक्य पढ़ें और रेखांकित शब्दों के लिंग बदलिए:— **(2)**

(ख) वचन बदलिए:— **(2)**

(ग) रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:— **(2)**

(घ) निम्नलिखित शब्दो के दो पर्यायवाची लिखो (कोई दो ):— **(2)**

(ङ) दिए गए वाक्यों को पढ़ें और उनमें से संज्ञा शब्द व क्रिया शब्द छांटो :— **(2)**

प्र06:— **(3)**

प्र07:— पत्र लिखिए **(3)**

प्र08:— कहानी को अपनी समझ के आधार पर पूरा कीजिए:— **(4)**

Downloaded from www.cclchapter.com